# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सीईएन - 07/2025 - एनटीपीसी पूर्व-स्नातक स्तर - CEN - 07/2025 - NTPC UNDER GRADUATE LEVEL

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 13/06/2026 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB NTPC UnderGraduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Mathematics**

**Q.1** यदि एक शर्ट का मूल्य ₹400 से बढ़ाकर ₹500 कर दिया जाता है, तो मूल्य में कितने प्रतिशत की वृद्धि होगी?

**Ans**
- ✗ A. 30%
- ✗ B. 15%
- ✗ C. 10%
- ✓ D. 25%

**Q.2** भाग के एक प्रश्न में भाजक, भागफल का 9 गुना और शेषफल का 3 गुना है। यदि शेषफल 42 है, तो भाज्य कितना होगा?

**Ans**
- ✗ A. 1803
- ✓ B. 1806
- ✗ C. 1809
- ✗ D. 1808

**Q.3** किसी वस्तु की कीमत में पहले 25% की वृद्धि होती है, फिर 20% की कमी होती है और अंत में 15% की वृद्धि होती है। कीमत में समग्र प्रतिशत परिवर्तन ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 25%
- ✗ B. 20%
- ✗ C. 10%
- ✓ D. 15%

**Q.4** स्टेशनरी सामग्री का एक विक्रेता दो प्रकार के पेन खरीदता है, जिनके नाम रजत पेन और नवीन पेन हैं। 4 रजत पेन और 6 नवीन पेन का कुल मूल्य ₹540 है। एक नवीन पेन का मूल्य, एक रजत पेन के मूल्य से ₹15 अधिक है। एक रजत पेन का मूल्य क्या है?

**Ans**
- ✓ A. ₹45
- ✗ B. ₹50
- ✗ C. ₹42
- ✗ D. ₹48


Test
Prime
By Adda247
ALL EXAMS,
ONE SUBSCRIPTION
Test. Analyze. Improve. Repeat.
Don't just prepare. Perform.
Test Prime — built only for mock tests.
1,50,000+
Mock Tests
25,000+
Previous Year Papers
800+
Exam Covered
500% Refund
on Selection
5 lakh+
Free Quizzes
PDF
Daily
Free PDFs
Job Alerts
Stay Updated
Multilingual
Detailed Solution
Strong and Weak Areas
All India
Rankings
Compete with lakhs.
Rank. Improve. Repeat.
2
1
3
Adda247 test prime
Rating
Editors' choice
New
Test
Prime
By Adda247
Adda247 Test Prime
Adda Education • Education
Installed
DOWNLOAD THE APP

**Q.5** एक बिक्री के दौरान, 50% वस्तुएं 37% के लाभ पर बेची जाती हैं, शेष वस्तुओं में से 30% वस्तुएं 26% के लाभ पर बेची जाती हैं और शेष वस्तुएं 24% की हानि पर बेची जाती हैं। यदि समग्र लाभ x% है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ A. 14
- ✘ B. 13.5
- ✘ C. 15
- ✘ D. 14.5

**Q.6** किसी स्कूल शिक्षक ने देखा कि 4 वर्ष पहले, उसकी आयु उस समय उसकी पुत्री की आयु की तीन गुना थी। अब से 8 वर्ष बाद, शिक्षक की आयु, उसकी पुत्री की आयु की दोगुना होगी। शिक्षक की वर्तमान आयु कितनी है?

**Ans**
- ✘ A. 38 वर्ष
- ✘ B. 42 वर्ष
- ✔ C. 40 वर्ष
- ✘ D. 44 वर्ष

**Q.7** m का मान ज्ञात कीजिए, जो निम्नलिखित समीकरण को संतुष्ट करता है।

$$\left(\frac{28}{8}\right)^{17} \times \left(\frac{8}{28}\right)^{20} \times \left(\frac{28}{8}\right)^{3} = \left(\frac{8}{28}\right)^{9m+14}$$

**Ans**
- ✔ A. $-\frac{14}{9}$
- ✘ B. $-\frac{7}{9}$
- ✘ C. $-\frac{11}{9}$
- ✘ D. $-\frac{13}{9}$

**Q.8** एक व्यापारी ने ₹1,800 के अंकित मूल्य वाली एक वस्तु को 25% और $6\frac{2}{3}\%$ की क्रमिक छूट के बाद खरीदा। व्यापारी के लिए वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ A. ₹1260
- ✘ B. ₹1290
- ✘ C. ₹1275
- ✘ D. ₹1250

**Q.9** यदि किसी रेसिपी के लिए 1 : 2 के अनुपात में इंग्रेडिएंट की आवश्यकता है और आपके पास पहले इंग्रेडिएंट के 3 कप हैं, तो आपको दूसरे इंग्रेडिएंट के कितने कप का उपयोग करना चाहिए?

**Ans**
- ✔ A. 6
- ✘ B. 4
- ✘ C. 3
- ✘ D. 8

**Q.10** 4 इकाई भुजा वाले एक सम अष्टभुज से एक सबसे बड़ा आयत काटकर निकाल लिया जाता है। उसके बाद बचे हुए टुकड़ों में से दो सबसे बड़े आयत काटकर निकाल लिए जाते हैं। उसके बाद भी शेष बचे अष्टभुज का क्षेत्रफल ________ वर्ग इकाई है।

**Ans**
- ✘ A. 24
- ✘ B. 32
- ✔ C. 16
- ✘ D. 8

Q.11 दस कर्मचारियों की मासिक आय (₹ हजार में) 35, 40, 38, 50, 46, 42, 39, 37, 41 और 44 है। इन कर्मचारियों की माध्यिका आय (₹ हजार में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 42
- ✗ B. 40
- ✓ C. 40.5
- ✗ D. 41

Q.12 $22^3 + (-13)^3 + (-9)^3$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 7730
- ✗ B. 7604
- ✗ C. 7472
- ✓ D. 7722

Q.13 एक घन को पिघलाकर एक ऐसा घनाभ बनाया जाता है जिसकी विमाओं का अनुपात 4 : 5 : 8 है। यदि घनाभ की ऊँचाई 12 cm है, तो मूल घन की कोर (ठीक दो दशमलव स्थानों तक) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 8.14 cm
- ✗ B. 12.12 cm
- ✗ C. 9.44 cm
- ✗ D. 15.34 cm

Q.14 यदि एक कार 150 km की दूरी 50 km/h की चाल से तय करती है, तो इस यात्रा को पूरा करने में कितना समय लगेगा?

Ans
- ✗ A. 5 घंटे
- ✗ B. 2 घंटे
- ✗ C. 4 घंटे
- ✓ D. 3 घंटे

Q.15 व्यंजक $\left(\frac{3}{4}\right) + 0.25 \times 2$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 1.50
- ✗ B. 1.00
- ✓ C. 1.25
- ✗ D. 1.75

Q.16 $\frac{\sin A\cos(90^\circ - A)}{\cot(90^\circ + A)\cos(180^\circ + A)}$ को सरल कीजिए।

Ans
- ✓ A. sinA
- ✗ B. – cosA
- ✗ C. – sinA
- ✗ D. cosA

Q.17 A और B एक काम को क्रमशः 12 दिन और 36 दिन में पूरा कर सकते हैं। दोनों 2 दिन काम करते हैं और फिर A काम छोड़कर चला जाता है। शेष काम को पूरा करने में B को कितने दिन लगेंगे?

Ans
- ✗ A. 30
- ✓ B. 28
- ✗ C. 29
- ✗ D. 27

**Q.18** 6 इकाई त्रिज्या वाले एक धात्विक गोले को पिघलाकर 27 छोटे, एकसमान गोले बनाए जाते हैं। बड़े गोले के पृष्ठीय क्षेत्रफल और सभी छोटे गोलों के पृष्ठीय क्षेत्रफल के योग का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ A. 1:3
- ✘ B. 2:5
- ✘ C. 1:4
- ✘ D. 2:3

**Q.19** एक दुकानदार वॉशिंग मशीन की कीमत, उसके क्रय मूल्य से 40% अधिक अंकित करता है। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए वह अंकित मूल्य पर 25% की छूट देता है। यदि वॉशिंग मशीन का अंतिम विक्रय मूल्य ₹21,000 है, तो उसका क्रय मूल्य कितना था?

**Ans**
- ✘ A. ₹14,000
- ✘ B. ₹16,000
- ✘ C. ₹15,000
- ✔ D. ₹20,000

**Q.20** एक दुकान ने एक सप्ताह के दौरान 5 प्रकार की वस्तुओं की क्रमशः 120, 150, 110, 130 और 140 इकाइयाँ बेची। पहली वस्तु से 10 इकाइयों की वापसी प्राप्त होने के बाद, बेची गई वस्तुओं का नया समांतर माध्य (इकाई में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ A. 124
- ✔ B. 128
- ✘ C. 122
- ✘ D. 126

**Q.21** 75 और 45 का तृतीयानुपाती, 10, 5x और 6x के चतुर्थानुपाती के समान है। x का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ A. 2
- ✘ B. 4
- ✔ C. 3
- ✘ D. 5

**Q.22** एक धनराशि वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज पर 2 वर्षों में ₹24000 और 3 वर्षों में ₹28800 हो जाती है। वार्षिक ब्याज दर ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ A. 10%
- ✘ B. 15%
- ✘ C. 25%
- ✔ D. 20%

**Q.23** एक धनराशि पर, 12% वार्षिक दर से 2 वर्षों में साधारण ब्याज के रूप में ₹2,400 प्राप्त होते हैं। धनराशि ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ A. ₹24,000
- ✘ B. ₹18,000
- ✔ C. ₹10,000
- ✘ D. ₹12,000

**Q.24** एक दूधवाला आठ लीटर दूध में दो लीटर पानी मिलाता है और उसे लागत मूल्य से 50% अधिक पर बेचता है। दूधवाले का लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ A. 87.5%
- ✘ B. 50%
- ✘ C. 68.5%
- ✘ D. 75%

**Q.25** मिश्रधातु A और मिश्रधातु B में तांबा और जस्ता क्रमशः 3 : 4 और 5 : 9 के अनुपात में हैं। यदि दोनों मिश्रधातुओं के बराबर भार को एक साथ पिघलाकर एक नई मिश्रधातु बनाई जाए, तो नई मिश्रधातु में तांबे और जस्ते का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 9:16
- ✗ B. 8:13
- ✗ C. 12:19
- ✓ D. 11:17

**Q.26** तीन संख्याएँ 17 : 5 : 11 के अनुपात में हैं, और उनका LCM 3740 है। उनका HCF कितना है?

**Ans**
- ✓ A. 4
- ✗ B. 14
- ✗ C. 2
- ✗ D. 47

**Q.27** 2 पुरुष और 8 महिलाएं मिलकर एक कार्य को 13 दिनों में पूरा कर सकते हैं, तथा 3 पुरुष और 19 महिलाएं मिलकर उसी कार्य को 8 दिनों में पूरा कर सकते हैं। कितनी महिलाओं द्वारा किया गया कार्य, एक पुरुष द्वारा किए गए कार्य के बराबर है?

**Ans**
- ✗ A. 25
- ✗ B. 29
- ✗ C. 23
- ✓ D. 24

**Q.28** $9^2 + \sqrt{4^2} - 10 \times \sqrt{81} - 15$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. -20
- ✗ B. -12
- ✗ C. -10
- ✗ D. -21

**Q.29** भाग के एक प्रश्न में भाजक, भागफल का 2 गुना और शेषफल का 3 गुना है। यदि शेषफल 10 है, तो भाज्य कितना होगा?

**Ans**
- ✗ A. 464
- ✗ B. 456
- ✓ C. 460
- ✗ D. 465

**Q.30** लता अपने घर से 20 km की दूरी पर स्थित बाजार तक 10 km/h की चाल से पैदल जाती है। वह वहां खरीदारी के लिए 1 घंटा रुकती है और 20 km/h की चाल से ई-रिक्शा से घर वापस आती है। संपूर्ण यात्रा के लिए औसत चाल ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 8 km/h
- ✓ B. 10 km/h
- ✗ C. 9 km/h
- ✗ D. 6 km/h

## Section : General Awareness

**Q.31** आधुनिक भारतीय साहित्य में स्थानीय भाषाओं का उदय मुख्यत: ___________ के कारण हुआ।

**Ans**
- ✓ A. ब्रिटिश औपनिवेशिक शिक्षा और मुद्रण प्रौद्योगिकी
- ✗ B. पश्चिमी उपनिवेशीकरण के कारण क्षेत्रीय राज्यों का पतन
- ✗ C. मुगल दरबार के दस्तावेजों को क्षेत्रीय भाषाओं में छापना
- ✗ D. विभिन्न भारतीय भाषाओं में कथाकारिता की परंपराओं में वृद्धि

Q.32 भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य से होकर कर्क रेखा नहीं गुजरती है?

Ans
- ✗ A. मध्य प्रदेश
- ✓ B. ओडिशा
- ✗ C. पश्चिम बंगाल
- ✗ D. गुजरात

Q.33 ज्ञानदेव की प्रसिद्ध रचना भावार्थदीपिका (ज्ञानेश्वरी) निम्नलिखित में से किस धर्मग्रंथ पर विस्तृत टीका है?

Ans
- ✗ A. विष्णु पुराण
- ✗ B. उपनिषद
- ✓ C. भगवद गीता
- ✗ D. ब्रह्म सूत्र

Q.34 अनुच्छेद 22, गिरफ्तार या निरुद्ध व्यक्तियों को किन दो निरोध श्रेणियों के तहत सुरक्षा प्रदान करता है?

Ans
- ✗ A. नागरिक और सैन्य
- ✗ B. अस्थायी और स्थायी
- ✗ C. न्यायिक और कार्यकारी
- ✓ D. दंडात्मक और निवारक

Q.35 लोक अदालतों के संदर्भ में, कौन-सा कथन सही है?

Ans
- ✓ A. कार्यवाही अनौपचारिक, लचीली और कम तकनीकी होती है।
- ✗ B. औपचारिक प्रक्रियाओं और साक्ष्य के कड़े नियमों का पालन किया जाता है।
- ✗ C. लोक अदालत सत्रों की अध्यक्षता केवल सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश ही कर सकते हैं।
- ✗ D. लोक अदालत में प्रस्तुत प्रत्येक मामले में वकीलों का होना अनिवार्य है।

Q.36 निम्नलिखित में से किस प्रकार का पृष्ठ अधिक ऊष्मा अवशोषित करता है और इसलिए शीतकाल के दौरान अधिक पसंद किया जाता है?

Ans
- ✗ A. चमकदार पृष्ठ
- ✗ B. श्वेत पृष्ठ
- ✗ C. हल्के रंग का पृष्ठ
- ✓ D. गहरे रंग का पृष्ठ

Q.37 2025 में यूनेस्को के तहत, किस उच्च ऊंचाई वाले वन्यजीव क्षेत्र को भारत का पहला "कोल्ड डेजर्ट बायोस्फीयर रिजर्व" घोषित किया गया था?

Ans
- ✗ A. नुब्रा घाटी रिजर्व
- ✓ B. स्पीति घाटी
- ✗ C. कारगिल वन्यजीव अभयारण्य
- ✗ D. लद्दाख वन्यजीव प्रभाग

Q.38 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में निम्नलिखित में से किस राज्य और केंद्र शासित प्रदेश का सबसे कम लिंग अनुपात दर्ज किया गया?

Ans
- ✗ A. हरियाणा
- ✓ B. दमन और दीव
- ✗ C. दिल्ली
- ✗ D. चंडीगढ़

Q.39 जब वसा, सोडियम हाइड्रॉक्साइड के साथ अभिक्रिया करके साबुन और ग्लिसरॉल बनाती है, तो इस अभिक्रिया को किस रूप में वर्गीकृत किया जाता है?

Ans
- ✓ A. साबुनीकरण अभिक्रिया
- ✗ B. दहन अभिक्रिया
- ✗ C. अवक्षेपण अभिक्रिया
- ✗ D. किण्वन अभिक्रिया

**Q.40** सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा का नाम क्या है?

Ans

- ✗ A. स्टैच्यू ऑफ इक्वलिटी (Statue of Equality)
- ✗ B. स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी (Statue of Liberty)
- ✓ C. स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (Statue of Unity)
- ✗ D. स्टैच्यू ऑफ इक्विटी (Statue of Equity)

**Q.41** निम्नलिखित में से किसे द्रव्यमान संरक्षण के नियम की खोज का श्रेय दिया जाता है?

Ans

- ✗ A. दिमित्री मेंडेलीव (Dmitri Mendeleev)
- ✓ B. एंटोनी लावॉइसियर (Antoine Lavoisier)
- ✗ C. जॉन डाल्टन (John Dalton)
- ✗ D. जोसेफ प्रीस्टली (Joseph Priestley)

**Q.42** निम्नलिखित में से कौन-सी कार्यकारी शक्तियाँ भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रयोग की जाती हैं?

Ans

- ✗ A. राज्यपालों का कार्यकाल निर्धारित करना
- ✗ B. संसद के लिए चुनाव आयोजित करना
- ✓ C. प्रधानमंत्री की नियुक्ति करना और उसकी सलाह पर अन्य केंद्रीय मंत्रियों की नियुक्ति करना
- ✗ D. उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति करना और सर्वोच्च न्यायालय की प्रक्रिया के नियम बनाना

**Q.43** निम्नलिखित में से कौन-सा, विशेष प्रकार का कोशिका विभाजन है जो गुणसूत्रों की संख्या को आधा कर देता है और परिणामस्वरूप अगुणित संतति कोशिकाओं का उत्पादन करता है?

Ans

- ✗ A. समसूत्रण (Mitosis)
- ✓ B. अर्धसूत्रण (Meiosis)
- ✗ C. निषेचन (Fertilization)
- ✗ D. स्थानांतरण (Translocation)

**Q.44** निम्नलिखित में से कौन-सा एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर नहीं है?

Ans

- ✗ A. माइक्रोसॉफ्ट पब्लिशर (Microsoft Publisher)
- ✗ B. माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल (Microsoft Excel)
- ✗ C. एडोब फोटोशॉप (Adobe Photoshop)
- ✓ D. ऑपरेटिंग सिस्टम (Operating System)

**Q.45** वास्को डी गामा भारतीय शासकों के साथ व्यापारिक संबंध स्थापित करने के लिए किस तिथि को कालीकट के निकट कप्पड़ (Kappad) पहुँचा था?

Ans

- ✗ A. 20 नवंबर 1500
- ✗ B. 10 जून 1495
- ✗ C. 14 अप्रैल 1492
- ✓ D. 20 मई 1498

**Q.46** मैदानी क्षेत्रों में कोसी नदी प्रायः अपना चैनल बदलती रहती है, इसका मुख्य कारण क्या है?

Ans

- ✗ A. ऊपरी धारा क्षेत्र में स्थित बड़े बाँध इसके प्राकृतिक प्रवाह को निरंतर संशोधित करते हैं।
- ✓ B. यह हिमालय से भारी मात्रा में अवसाद लेकर आती है।
- ✗ C. इसका प्रवाह केवल मौसमी मानसूनी वर्षा द्वारा बना रहता है।
- ✗ D. यह विवर्तनिक दरारों वाली निचली भूमि के एक लंबे हिस्से से होकर गुज़रती है।

**Q.47** डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने के राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों को ______________ के रूप में वर्णित किया।

Ans

- ✗ A. एक आवश्यक विशेषता (an essential feature)
- ✓ B. एक नवीन विशेषता (a novel feature)
- ✗ C. एक मूलभूत विशेषता (a fundamental feature)
- ✗ D. एक अविभाज्य विशेषता (an inalienable feature)

**Q.48** निम्नलिखित में से कौन-सा परिणाम, भारत में यूरोपीय प्रतिद्वंद्विता पर वांडीवाश के युद्ध के प्रभाव को सही ढंग से दर्शाता है?

**Ans**
- ✔ A. ब्रिटिश प्रभुत्व में वृद्धि हुई क्योंकि फ्रांसीसी सैन्य प्रभाव स्थायी रूप से समाप्त हो गया।
- ✘ B. ब्रिटिश क्षेत्रों पर सफल कब्जे के माध्यम से फ्रांसीसी सत्ता का विस्तार हुआ।
- ✘ C. प्रमुख दक्षिणी बंदरगाहों से सेनाओं के पीछे हटने के साथ ही ब्रिटिश नियंत्रण कमजोर हो गया।
- ✘ D. दक्कन स्थित शासकों के साथ नए गठबंधनों के कारण फ्रांसीसी वर्चस्व में वृद्धि हुई।

**Q.49** कोई कंप्यूटर लैब सर्वर के बिना किसी गड़बड़ी के एक ही समय में कई विद्यार्थियों के लॉगिन अनुरोधों को हैंडल करता है। यह परिदृश्य मुख्यत: किस अभिलक्षण को हाइलाइट करता है?

**Ans**
- ✘ A. पोर्टेबिलिटी (Portability)
- ✔ B. मल्टीटास्किंग और विश्वसनीयता (Multitasking and reliability)
- ✘ C. केवल परिवर्तनशीलता (Versatility)
- ✘ D. मेमोरी (memory) की कमी

**Q.50** 2025 में, BRICS द्वारा न्यू डेवलपमेंट बैंक (New Development Bank) के 9वें सदस्य के रूप में कौन-सा देश शामिल हुआ?

**Ans**
- ✔ A. अल्जीरिया
- ✘ B. वियतनाम
- ✘ C. म्यांमार
- ✘ D. ब्रुनेई

**Q.51** राज्य के नीति निदेशक तत्वों (DPSP) के तहत "काम की न्यायसंगत और मानवोचित दशाओं तथा प्रसूति सहायता" का उपबंध ___________ में निहित है।

**Ans**
- ✘ A. अनुच्छेद 47
- ✔ B. अनुच्छेद 42
- ✘ C. अनुच्छेद 41
- ✘ D. अनुच्छेद 43

**Q.52** स्वतंत्रता-पूर्व भारत में, निम्नलिखित में से किसने अपनी पुस्तक 'पॉवर्टी एंड अन-ब्रिटिश रूल इन इंडिया (Poverty and Un-British Rule in India)' में सबसे पहले गरीबी रेखा की अवधारणा पर चर्चा की थी?

**Ans**
- ✘ A. रवींद्र नाथ टैगोर
- ✘ B. महात्मा गांधी
- ✘ C. जवाहरलाल नेहरू
- ✔ D. दादाभाई नौरोजी

**Q.53** निम्नलिखित में से कौन-सा वर्तमान में देश में एक स्टॉक एक्सचेंज नहीं है?

**Ans**
- ✘ A. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
- ✘ B. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
- ✘ C. नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड
- ✔ D. दिल्ली स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड

**Q.54** किस सामाजिक-आर्थिक स्थिति ने माप्पिला विद्रोह के लंबे समय तक चलने में योगदान दिया?

**Ans**
- ✘ A. काली मिर्च के निर्यात पर कराधान जिसने समुद्री गतिविधियों को प्रतिबंधित कर दिया
- ✔ B. मालाबार क्षेत्र में कठोर भूमि कानून और ज़मींदारों द्वारा उत्पीड़न
- ✘ C. मैसूर और मालाबार को जोड़ने वाले कारवां व्यापार मार्गों का व्यवधान
- ✘ D. तटीय बस्तियों को प्रभावित करने वाले नए मछली पकड़ने के प्रतिबंधों का प्रवर्तन

Q.55 कोयला मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 के अनुसार, अप्रैल 2024 तक भारत में लिग्नाइट भंडार का उच्चतम अनुपात किस राज्य में पाया गया?

Ans
- ✗ A. राजस्थान
- ✓ B. तमिलनाडु
- ✗ C. झारखंड
- ✗ D. गुजरात

Q.56 वर्ल्ड हैप्पीनेस इंडेक्स 2025 में कौन-सा देश शीर्ष स्थान पर है?

Ans
- ✗ A. डेनमार्क
- ✗ B. नॉर्वे
- ✓ C. फ़िनलैंड
- ✗ D. स्वीडन

Q.57 ओरिएंट एक्सप्रेस (ट्रांस-कॉन्टिनेंटल रेलवे रूट) का अधिकांश मार्ग मुख्यतः किस महाद्वीप में स्थित है?

Ans
- ✗ A. एशिया
- ✗ B. उत्तरी अमेरिका
- ✓ C. यूरोप
- ✗ D. दक्षिण अमेरिका

Q.58 2025 महिला ODI विश्व कप के दौरान 350 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाली प्रथम महिला बनी क्रिकेट खिलाड़ी सूज़ी बेट्स (Suzie Bates) का संबंध किस देश से है?

Ans
- ✗ A. ऑस्ट्रेलिया
- ✓ B. न्यूज़ीलैंड
- ✗ C. इंग्लैंड
- ✗ D. दक्षिण अफ्रीका

Q.59 17 नवंबर 2025 को, निम्नलिखित में से किस संस्थान को क्वांटम AI और कंप्यूटिंग (Quantum AI and Computing) में उत्कृष्टता केंद्र की मेजबानी के लिए चुना गया?

Ans
- ✗ A. भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु
- ✓ B. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, धारवाड़
- ✗ C. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की
- ✗ D. भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, धारवाड़

Q.60 निम्नलिखित में से किसे ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव के रूप में सूचीबद्ध किया गया है?

Ans
- ✓ A. ग्लेशियरों का पिघलना और तटीय क्षेत्रों में बाढ़ का आना
- ✗ B. वायुमंडलीय तापमान में कमी
- ✗ C. विश्वभर में समुद्र-स्तर में कमी
- ✗ D. महासागरीय सतही जल का स्थायी शीतलन

Q.61 'प्लेइंग इट माय वे (Playing It My Way)' निम्नलिखित में से किस खिलाड़ी की आत्मकथा है?

Ans
- ✓ A. सचिन तेंदुलकर
- ✗ B. देबाशीष मिश्रा
- ✗ C. सुभद्रा प्रधान
- ✗ D. मोहम्मद शाहिद

Q.62 Windows 11 ऑपरेटिंग सिस्टम में, जब एक साथ कई एप्लिकेशन खुले हों, तो चल रहे प्रोग्रामों के बीच _______ करने का सबसे त्वरित तरीका Alt कुंजी को Tab कुंजी के साथ दबाना है।

Ans
- ✗ A. सेव (save)
- ✓ B. स्विच (switch)
- ✗ C. ओपेन (open)
- ✗ D. क्लोज़ (close)

**Q.63** कौन-सा कथन, कुमारगुप्त प्रथम के शासन की प्रकृति का सही वर्णन करता है?

**Ans**

- ✗ A. उनके शासनकाल में बार-बार आंतरिक विद्रोह होते रहे, जिससे गुप्त सत्ता कमजोर हो गई।
- ✗ B. उनके शासनकाल में पुष्यभूतियों का प्रारंभिक उदय हुआ—ये ऐसे खतरे थे जिनसे कोई बड़ा व्यवधान उत्पन्न नहीं हुआ।
- ✓ C. उनका शासनकाल मुख्यत: गुप्त साम्राज्य के सुदृढ़ीकरण और समृद्धि पर केंद्रित था।
- ✗ D. उनके शासन में मध्य भारत में सतत क्षेत्रीय विस्तार देखा गया।

**Q.64** आर्थिक मंदी के दौरान समग्र मांग में गिरावट के कारण किस प्रकार की बेरोजगारी उत्पन्न होती है?

**Ans**

- ✓ A. चक्रीय
- ✗ B. मौसमी
- ✗ C. संरचनात्मक
- ✗ D. ऐच्छिक

**Q.65** भारत में आर्थिक गतिविधियों के लिए नई वर्गीकरण प्रणाली, जिसे राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण 2025 (NIC-2025) कहा जाता है, किस राष्ट्रीय निकाय द्वारा तैयार की गई थी?

**Ans**

- ✗ A. राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग (NSC)
- ✗ B. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI)
- ✓ C. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI)
- ✗ D. नीति आयोग

**Q.66** अनुच्छेद 226 के अंतर्गत, उच्च न्यायालय अपने क्षेत्रीय अधिकारिता क्षेत्र के भीतर किन प्राधिकारियों को रिट जारी कर सकते हैं?

**Ans**

- ✗ A. केवल राज्य सरकार
- ✓ B. कोई भी व्यक्ति, प्राधिकरण या सरकार
- ✗ C. केवल निजी कंपनियां
- ✗ D. केवल केंद्र सरकार

**Q.67** ".docx" एक्सटेंशन वाली फ़ाइल प्रायः ___________ द्वारा निर्मित की जाती है।

**Ans**

- ✗ A. MS पेंट
- ✗ B. कैलकुलेटर
- ✗ C. नोटपैड
- ✓ D. MS वर्ड

**Q.68** 2025 में, मध्य प्रदेश के किस वन्यजीव अभ्यारण्य को बाघ अभ्यारण्य के रूप में अधिसूचित किया गया था?

**Ans**

- ✓ A. ओंकारेश्वर अभयारण्य
- ✗ B. कान्हा अभयारण्य
- ✗ C. पन्ना अभयारण्य
- ✗ D. पेंच वन्यजीव अभयारण्य

**Q.69** निम्नलिखित में से कौन-सी योजना विज्ञान धारा के अंतर्गत विलय की गई योजनाओं में से एक नहीं है?

**Ans**

- ✗ A. अनुसंधान एवं विकास
- ✓ B. राष्ट्रीय शिक्षा नीति कार्यान्वयन
- ✗ C. नवाचार, प्रौद्योगिकी विकास और परिनियोजन
- ✗ D. विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थागत और मानव क्षमता निर्माण

**Q.70** पाल शासक धर्मपाल को बिहार में भागलपुर के पास निम्नलिखित में से किस प्रसिद्ध विश्वविद्यालय की स्थापना का श्रेय दिया जाता है?

**Ans**

✗ A. ओदंतपुरी विश्वविद्यालय

✗ B. वल्लभी विश्वविद्यालय

✗ C. नालंदा विश्वविद्यालय

✓ D. विक्रमशिला विश्वविद्यालय

## Section : General Intelligence and Reasoning

**Q.71** शब्द CENTURY के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और इस तरह बने सभी अक्षरों को वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में बाईं ओर से पाँचवाँ अक्षर निम्नलिखित में से कौन-सा होगा?

**Ans**

✓ A. U

✗ B. Z

✗ C. O

✗ D. V

**Q.72** यदि ‘A’ का अर्थ ‘÷’ है, ‘B’ का अर्थ ‘×’ है, ‘C’ का अर्थ ‘+’ है और ‘D’ का अर्थ ‘−’ है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न ‘?’ के स्थान पर क्या आएगा?

**10 A 2 C 35 B 2 = ? C 20**

**Ans**

✗ A. 35

✗ B. 45

✗ C. 50

✓ D. 55

**Q.73** विकास बिंदु A से चलना शुरू करता है और दक्षिण दिशा में 14 km चलता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 17 km चलता है, फिर दाएं मुड़कर 19 km चलता है। इसके बाद वह दाएं मुड़कर 18 km चलता है। अंत में वह दाएं मुड़ता है और 5 km चलकर बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर पुनः पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

**Ans**

✓ A. 1 km, पश्चिम की ओर

✗ B. 3 km, पूर्व की ओर

✗ C. 4 km, पूर्व की ओर

✗ D. 2 km, पश्चिम की ओर

**Q.74** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

**JUC55 , OZH67 , TEM79 , YJR91 , ?**

**Ans**

✗ A. DOX103

✗ B. LOW103

✓ C. DOW103

✗ D. DEW103

Q.75 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, यह तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ अचार, बीज हैं।
सभी बीज, फूल हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ अचार, फूल हैं।
(II) सभी फूल, बीज हैं।

Ans
- ✗ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
- ✗ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
- ✓ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
- ✗ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

Q.76 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित प्रकार से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. UW-MG
- ✗ B. HJ-ZT
- ✓ C. DF-WP
- ✗ D. SU-KE

Q.77 एक निश्चित कूट भाषा में, 'kin hair calm' को 'nl ix wp' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'guest calm iron' को 'ag lj ix' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'calm' को किस प्रकार से कूटबद्ध किया जाएगा? (सभी कूट दो अक्षरों वाले कूट हैं।)

Ans
- ✗ A. nl
- ✗ B. ag
- ✗ C. wp
- ✓ D. ix

Q.78 सात बॉक्स, G, H, I, L, M, N और O, एक के ऊपर एक रखे हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। H के नीचे केवल तीन बॉक्स रखे हैं। H के ठीक ऊपर O रखा है। N के ठीक ऊपर I रखा है। L के ऊपर केवल G रखा है। M सबसे नीचे नहीं रखा गया है। M और G के बीच कितने बॉक्स हैं?

Ans
- ✓ A. तीन
- ✗ B. दो
- ✗ C. एक भी नहीं
- ✗ D. एक

Q.79 G, Y की बहन है। Y, J का भाई है। M, W का पिता है। W, J का पुत्र है। G का M से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पत्नी की माता
- ✗ B. बहन
- ✓ C. पत्नी की बहन
- ✗ D. माता

Q.80 उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठी 214 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, Rt बाएँ छोर से 164वें स्थान पर है। यदि Kl, Rt के दाईं ओर 37वें स्थान पर है, तो पंक्ति के दाएँ छोर से Kl का स्थान कौन-सा होगा?

Ans
- ✗ A. 11वां
- ✓ B. 14वां
- ✗ C. 12वां
- ✗ D. 13वां

**Q.81** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से LPBF का संबंध QUGK से है। उसी प्रकार, FJVZ का संबंध KOAE से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, UYKO का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

**Ans**
- ✗ A. ZOPT
- ✗ B. ZTPO
- ✗ C. ZDTP
- ✓ D. ZDPT

**Q.82** यदि संख्या 1528634 में प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाए और प्रत्येक सम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएँ से दूसरे और दाएँ से दूसरे अंक का योग कितना होगा?

**Ans**
- ✗ A. 13
- ✓ B. 12
- ✗ C. 14
- ✗ D. 10

**Q.83** दिए गए अक्षर-संख्या समूहों में से किसके द्वारा प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित किए जाने पर निम्नलिखित शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?
CMZ 3 HRE 6 MWJ 9 RBO 12 ?

**Ans**
- ✗ A. NDY 18
- ✗ B. KDT 15
- ✗ C. SPR 16
- ✓ D. WGT 15

**Q.84** एक निश्चित कूट भाषा में, 'FILM' को '6043' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'LIME' को '7304' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'E' के लिए कूट क्या है?

**Ans**
- ✗ A. 3
- ✗ B. 0
- ✓ C. 7
- ✗ D. 4

**Q.85** एक निश्चित कूट भाषा में,
A ! B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A > B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
A = B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' और
A − B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है'।

यदि 'N > U − R ! S = E' है, तो N का E से क्या संबंध है?

**Ans**
- ✗ A. बहन की पुत्री
- ✓ B. बहन
- ✗ C. पुत्री की बहन
- ✗ D. पुत्री

**Q.86** एक निश्चित तरीके से, TJ 12 का संबंध VF 4 से है। उसी तरीके से, HE 10 का संबंध JA 2 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, DR 5 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

**Ans**
- ✗ A. VH -6
- ✓ B. FN -3
- ✗ C. JI -7
- ✗ D. HJ 9

Q.87 छह डिब्बे F, G, H, I, J और C एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे गए हों। H और I के बीच केवल चार डिब्बे रखे गए हैं। J के ऊपर केवल H को रखा गया है। J और F के बीच केवल दो डिब्बे रखे गए हैं। C को G के ऊपर रखा गया है। सबसे नीचे से चौथे स्थान पर कौन-सा डिब्बा रखा गया है?

Ans
- ✗ A. F
- ✗ B. J
- ✗ C. G
- ✓ D. C

Q.88 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

UWS OQM IKG CEA ?

Ans
- ✓ A. WYU
- ✗ B. WXZ
- ✗ C. WXT
- ✗ D. WZT

Q.89 उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(13, 33, 5)
(6, 40, 19)

Ans
- ✗ A. (8, 46, 22)
- ✓ B. (9, 39, 15)
- ✗ C. (20, 37, 12)
- ✗ D. (17, 33, 10)

Q.90 सात व्यक्ति P1, P2, P3, P4, P5, P6 और P7, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। P2, P6 के ठीक दाएँ पड़ोस में बैठा है। P4 और P3 के ठीक बीच में P5 बैठा है। P2, P4 के बाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है। P1, P7 के बाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है। P7 के दाएँ से जांच करने पर, P1 और P7 के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✓ A. तीन
- ✗ B. चार
- ✗ C. एक
- ✗ D. दो

Q.91 निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है।) (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)
(बाएं) 5 4 5 6 5 8 5 1 7 6 3 9 7 6 4 1 7 6 4 5 7 6 4 7 7 6 (दाएं)
ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक पूर्ण वर्ग और ठीक बाद एक सम अंक है?
(नोट: 1 भी एक पूर्ण वर्ग है।)

Ans
- ✓ A. एक भी नहीं
- ✗ B. दो
- ✗ C. चार
- ✗ D. एक

Q.92 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✓ A. IGK
- ✗ B. KIL
- ✗ C. FDG
- ✗ D. CAD

Q.93 शब्द CORRECT में प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है, और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में, निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर दाएं छोर से चौथा होगा?

Ans
- ✗ A. S
- ✗ B. R
- ✓ C. Q
- ✗ D. P

Q.94 उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों के सेट के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
FI – HE – DG
LO –NK –JM

Ans
- ✗ A. PS - TW - VR
- ✗ B. CB - AD - EF
- ✓ C. KN - MJ - IL
- ✗ D. OR - QN - RV

Q.95 सात व्यक्ति - मनु, नेहा, ओजस, प्रीतम, रीना, सीता और टीना - एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। रीना, टीना के दाएं से दूसरे स्थान पर और सीता के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठी है। मनु, ओजस के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है और मनु, रीना का निकटतम पड़ोसी है। प्रीतम, मनु के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। टीना के बाएं से गिनने पर, सीता और टीना के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✗ B. एक भी नहीं
- ✗ C. एक
- ✓ D. दो

Q.96 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
63 68 ? 93 113 138

Ans
- ✓ A. 78
- ✗ B. 88
- ✗ C. 85
- ✗ D. 83

Q.97 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

36 A 3 C 21 D 12 B 2 = ?

Ans
- ✓ A. 9
- ✗ B. 13
- ✗ C. 18
- ✗ D. 4

Q.98 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आएगा?


352 ? 88 44 22 11

Ans
- ✗ A. 178
- ✓ B. 176
- ✗ C. 164
- ✗ D. 160

Test Prime By Adda247

# Previous Year Papers PDF

PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!




PDF

**Free 25,000+ PDF's**

High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly

**ATTEMPT AS MOCK**

Turn PDFs into real exam experience.
Analyze. Improve. Succeed.

- Topic-wise & Exam-wise PDFs
- Download & Study Offline
- Attempt as Mock & Track Score
- Smart Analysis & Performance

AVAILABLE IN

Banking | SSC | Railway | Teaching | UGC | Agriculture | Nursing

Bihar | UP | Punjab | WB | Odisha | TN | AP & Telangana | Haryana

DOWNLOAD THE APP

Q.99 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ A. GFI
✗ B. NMP
✗ C. BAD
✓ D. VUY

Q.100 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही यह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।

कथन:
सभी मुर्गी, शर्ट हैं।
सभी बिल्ली, शर्ट हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ मुर्गी, बिल्ली हैं।
(II) कुछ शर्ट, बिल्ली हैं।

Ans
✗ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
✓ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✗ C. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं
✗ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

"